	कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व	
	प्रेस नोट	दिनांक 14.10.2023

- आसोज नवरात्र के उपलक्ष में मेहरानगढ दुर्ग पर मॉ चामुंडा मन्दिर पर की जाने वाले व्यवस्थाओं का लिया जायजा ।
- इस दौरान उपस्थित पुलिस एवं मेहरानगढ ट्रस्ट के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।
- करीब 350 पुलिसकर्मियों का जाब्ता किया गया तैनात

आज सांयकाल मन् पुलिस उपायुक्त द्वारा कल से प्रारम्भ होने वाले आसोज नवरात्रा पर मेहरानगढ दुर्ग पर मॉ चामुंडा मंदिर के दर्शनार्थ आने वाले भक्तों के दर्शन संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ड्यूटी में लगने वाले पुलिस अधिकारियों और मेहरानगढ ट्रस्ट के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। इस बार मन् पुलिस उपायुक्त के दिशा–निर्देश एवं सलाह पर मेहरानगढ ट्रस्ट द्वारा जयपोल पर लोहे के पाईप्स की मजबूत/पक्की स्थाई बेरीकेटिंग की गई, साथ ही निज मंदिर तक लगने वाली महिलाओं और पुरूषों की लाईन के बेरीकेटिंग का भी अवलोकन कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

इस निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री नाजिम अली, ए.सी.पी. केन्द्रीय छवि शर्मा, एसीपी यातायात, समस्त थानाधिकारीगण सर्कल केन्द्रीय, टी.आई. यातायात तथा मेहरानगढ ट्रस्ट के सुरक्षा अधिकारी श्री लक्ष्मणसिंह व उनकी टीम साथ उपस्थित रही।

इस हेतु करीब 350 पुलिसकर्मियों का पुलिस बल दो पारियो में लगाया गया है। असामाजिक तत्वों तथा भीड़ पर ड्रोन एवं सादा वस्त्र में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा निगरानी रखी जायेगी तथा क्यूआरटी तथा शक्ति टीम भी सतर्क रहेगी।

(डॉ. अमृता दुहन)
पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व